सीएसआईआर-केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी (राजस्थान-333031)

सं. अ.अ./ई-III.नोटिस/08-स्था. दिनांक: 17.12.2020

<u>कार्यालय ज्ञापन</u>

संस्थान के सभी सहकर्मियों को सूचित किया जाता है कि संस्थान के स्वागत-कक्ष से केवल नियमित कर्मचारी ही अपने कार्यालय/कमरे की चाबी निर्गत कराये और इसकी प्रविष्टि स्वागत - कक्ष पर रखे रजिस्टर में अवश्य करें। उचित प्रविष्टियों के बिना उन्हें चाबी नहीं सौंपी जाएगी। इसके साथ यह भी सूचित किया जाता है कि संस्थान में कार्यरत विभिन्न परियोजनाओं से जुड़े अस्थायी सहकर्मी जैसे परियोजना सहायक और प्रशिक्षु, उक्त चाबियों को निर्गत करने के हकदार नहीं हैं अर्थात ये चाबियाँ उन्हें सौंपी नहीं जाएगी।

उपरोक्त के संदर्भ में यह भी सूचित किया जाता है कि अवकाश एवं कार्यालय समय के उपरांत कोई भी परियोजना सहायक और प्रशिक्षु बिना उचित अनुमति के कार्यालय में उपस्थित न हों। यदि किसी विशेष कार्य हेतु अवकाश के दिनों में कार्यालय में आना हो तो उनके साथ एक नियमित कर्मचारी कि उपस्थिति अनिवार्य होगी।

यह निदेशक महोदय की अनुमति से जारी किया जा रहा है।

17/12/2020
(विनोद कुमार)
प्रशासनिक अधिकारी

प्रतिलिपि:

1. निदेशक का कार्यालय
2. प्रशासनिक अधिकारी का कार्यालय
3. सुरक्षा अधिकारी
4. नोटिस बॉर्ड
5. सीरी वेबसाइट